**दि० 03.04.2023 को NIT – 05/SBD/2022 के ग्रुप संख्या 16 के सम्बन्ध में प्राप्त परिवाद पर विचार हेतु निविदा तकनीकी मूल्यांकन समिति की कार्यवाही:-**

1. **उपस्थिति :-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | श्री अनुराधा चन्द्र, अधीक्षण अभियन्ता, कार्य अंचल - 2, मुख्यालय, पटना | - | अध्यक्ष |
| (ii) | श्री प्रेम सागर, तकनीकी सलाहकार, कार्य अंचल - 2, मुख्यालय, पटना | - | सदस्य |
| (iii) | श्री मनोज कुमार, कार्यपालक अभियन्ता, भागलपुर प्रमंडल, भागलपुर | - | सदस्य |
| (iv) | श्री रीतेश आनंद, वित सलाहकार,बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना | - | सदस्य |
| (v) | श्री संतोष कुमार, सहायक अभियन्ता, कार्य अंचल - 2, मुख्यालय, पटना | - | सदस्य |

1. **प्राप्त परिवाद :-**

1.1 दि० 23.02.2023 को संपन्न निविदा तकनीकी मूल्यांकन समिति की कार्यवाही को निगम के वेबसाइट पर अपलोड करने के साथ साथ निविदाकारों को दि० 31.02.23 तक अपनी निविदा के सम्बन्ध में दावा / आपत्ति दर्ज कराने हेतु ई मेल से संसूचित किया गया था। समिति निर्णय के अलोक में दि० 31.03.2023 तक एक मात्र असफल निविदाकार M/S Arpana Construction Co. द्वारा परिवाद समर्पित किया गया ।

2. **निविदा तकनीकी समिति की कार्यवाही एवं निर्णय :-**

उपरोक्त निविदाकार द्वारा दायर परिवाद पर समिति द्वारा सम्यक विचार किया गया जिसका विवरण निम्नवत है:-

M/S Arpana Construction Co.- इन्हें 'Executed in any one year the minimum Quantities' अंतर्गत माँगें गये मद मात्रा के लिए चार कार्यों का प्रमाण पत्र समर्पित किये हैं जिसमे एक कार्य का किए गए मद मात्रा का वर्ष स्पस्ट नहीं था, इस पर विचार नहीं किया गया था जिससे मात्रा वांछित से कम आता था , इसीलिए इनकी निविदा Non- responsive किया गया था ।

अपने परिवाद में इन्होने समिति के निर्णय को माना है तथा नियमानुसार Clarification स्वीकार करने का आग्रह किया है ।

SBD पर आधारित निविदाओं के तकनीकी बीड के निष्पादन हेतु Eligibility Criteria के सम्बन्ध में पथ निर्माण विभाग, बिहार के पत्रांक- 6158(S) दि० 09.07.2014 के अनुसार उपरोक्त बिंदु द्वितीय प्रक्रम में सम्मिलित हैं जिनमे संवेदकों से Clarification & Modification प्राप्त किया जा सकेगा ।

प्राप्त परिवाद के आलोक में इनके द्वारा समर्पित कागजातों को पुनः जाँच की गयी जो वांछित से अधिक एवं निविदा प्राप्ति की तिथि से पूर्व का है । यह निगम के संवेदक हैं इनके द्वारा निगम में किये गए कार्यों का भी कागजात समर्पित किया गया जिसे जाँच की गयी एवं पाया गया की एक वर्ष के अन्दर किया गया मद मात्रा वांछित से आधिक है एवं निविदा प्राप्ति की तिथि से पूर्व का है ।

सम्यक परिप्रेक्ष्य में निविदा तकनीकी मूल्यांकन समिति का मानना है कि निविदाकार के Base paper निविदा के साथ अपलोड किये गए हैं तथा परिवाद में समर्पित कागजात निविदा प्राप्ति के पूर्व के हैं । अतः इनका Clarification & Modification मान्य है एवं M/S Arpana Construction Co तकनीकी मूल्यांकन में सफल घोषित किये जाते हैं ।

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय पर सहमति प्राप्त करने हेतु मुख्य अभियंता के समक्ष रखने का निर्णय लिया गया ।

उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में निविदा तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा दि० 23.03.2023 को लिए गए निर्णय को अवक्रमित करते हुए दोनों निविदाकारों को यथा M/S R.S Construction एवं M/S Arpana Construction Co को सफल घोषित किया जाता है एवं इनकी निविदा पर अग्रतर निर्णय लिया जा सकता है ।

3/4/2023
सहायक अभियन्ता
कार्य अंचल - 2

03/04/23
कार्यपालक अभियन्ता
भागलपुर प्रमंडल, भागलपुर

Ritesh Anand
03/04/23.
वित सलाहकार
मुख्यालय, पटना

3/4/23
तकनीकी सलाहकार
कार्य अंचल - 2

3/4/23
अधीक्षण अभियन्ता
कार्य अंचल - 2